www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

विषय–व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं वाणिज्यिक भूगोल

Set-B

नोट : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक के लिए 1 अंक आबंटित है।

1. **(खण्ड–अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) एक माली किसान को कुछ सब्जियाँ देकर अपने उपयोग हेतु गेहूँ लेता है। इसे क्या कहेंगे ?

(अ) दान (ब) वस्तु–विनिमय
(स) उपहार (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) वितरण में उद्यमी को कौन–सा पुरस्कार प्राप्त होता है ?

(अ) ब्याज (ब) लाभ
(स) लगान (द) मजदूरी

(iii) सार्वजनिक राजस्व से आशय है :

(अ) जनता के आय–व्यय के माध्यम से
(ब) परिवार के आय–व्यय के माध्यम से
(स) राज्य के आय–व्यय के माध्यम से
(द) सरकार के आय–व्यय के माध्यम से

(iv) कर अपवंचन को रोकने का उपाय है :

(अ) कर की दरों में कमी करना
(ब) कर मुक्ति सीमा में वृद्धि करना
(स) कर कानूनों को सरल बनाना
(द) उपर्युक्त सभी

(v) भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारंभ हुआ :

(अ) 1 अप्रैल, 1950 को (ब) 1 अप्रैल, 1951 को
(स) 31 मार्च, 1950 को (द) 1 मार्च, 1851 को

खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) विनिमय .... का आधार है।

(ii) वितरण में उद्यमी का हिस्सा सदैव .... रहता है।

(iii) किसी देश में सभी आर्थिक क्रियाओं से एक वर्ष में उत्पन्न की जाने वाली समस्त वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य को .... कहते हैं।

(iv) केन्द्रीय बजट प्रतिवर्ष .... माह की अन्तिम तिथि को प्रस्तुत किया जाता है।

(v) आर्थिक नियोजन .... को संचालित करने की श्रेष्ठ प्रणाली है।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द–सीमा 30 शब्द है)

2. काला बाजार क्या होता है ?
3. सन्तुलन मूल्य क्या है ?
4. योजना आयोग का अध्यक्ष कौन होता है ?
5. रेखीय सह–सम्बन्ध क्या है ?
6. चतुर्थक विचलन के दो दोष लिखिए।
7. भू–मण्डलीकरण क्या है ?
8. कुओं द्वारा सिंचाई के कोई दो लाभ लिखिए।
9. लघु उद्योग से आप क्या समझते हैं ?

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द–सीमा 50 शब्द है)

10. असल मजदूरी तथा नकद मजदूरी में कोई तीन अन्तर लिखिए।
11. पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताएँ बताइए। (कोई तीन)
12. सीमा शुल्क से क्या आशय है ?
13. अपकिरण की माप की विधियाँ लिखिए।
14. पहाड़ी ढालों पर चाय क्यों उगायी जाती है ?
15. 'सेल' की स्थापना कब और क्यों की गई ?

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द–सीमा 75 शब्द है)

16. कुल लाभ तथा वास्तविक लाभ में कोई चार अंतर लिखिए।

अथवा

कुल ब्याज एवं वास्तविक ब्याज में कोई चार अंतर लिखिए।

17. "घाटे का बजट अच्छा बजट माना जाता है।" समझाइए।

अथवा

कर अपवंचन रोकने के कोई चार उपाय बताइए।

18. एक व्यवसायी के लिए सह–सम्बन्ध की उपयोगिता बताइए।

अथवा

धनात्मक तथा ऋणात्मक सह–सम्बन्ध के भेद बताइए।

19. निम्न आँकड़ों से कार्ल पियर्सन का सह–सम्बंध गुणांक ज्ञात कीजिए :

x :	12	4	20	8	16
y :	8	12	20	4	16

a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

अथवा

निम्न आँकड़ों से स्पियरमैन का कोटि अन्तर सह-सम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए :

x	: 4	6	8	10	12	14	16	18
y	: 10	15	20	25	30	35	40	45

20. ''गैट समझौता' के कोई चार उद्देश्य लिखिए।

अथवा

आर्थिक उदारीकरण की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

21. ''हिमालय भारत के लिए वरदान है।'' स्पष्ट कीजिए।

अथवा

''भारतीय कृषि मानसून का जुआ है।'' समझाइए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है)

22. सामान्य मूल्य तथा बाजार मूल्य में कोई पाँच अन्तर बताइए।

अथवा

पूर्ण प्रतियोगिता एवं अपूर्ण प्रतियोगिता में कोई पाँच अन्तर लिखिए।

अथवा

23. निम्न आँकड़ों से प्रमाप विचलन ज्ञात कीजिए :

पद मूल्य :	5	10	15	20	25	30	35
आवृत्ति :	2	7	11	15	10	4	1

अथवा

निम्न आँकड़ों से प्रथम एवं तृतीय चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए :

क्रमांक :	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
आकार :	15	20	25	24	20	21	22	22	18	17	16

24. ''भारत में उत्तर की अपेक्षा दक्षिण में नहरें कम हैं।'' क्यों ?

अथवा

''नहरें सिंचाई के उत्तम साधन हैं।'' समझाइए।

25. लोहा और इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

भिलाई में इस्पात कारखाने की स्थापना के कारण बताइए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 250 शब्द है)

26. अर्थशास्त्र में बाजार का अर्थ बताइए तथा इसकी विशेषताएँ बताइए।

अथवा

विनिमय का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा इसके लक्षण बताइए।

27. आर्थिक नियोजन के उद्देश्यों को समझाइए।

अथवा

आर्थिक नियोजन के लाभों को समझाइए।

a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com